पंजाब केसरी 09/04/2026

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं की कवरेज के लिए छात्राओं का सम्मान

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वर्ष 2026 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के दौरान उत्कृष्ट कवरेज के लिए छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 8 अप्रैल (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वर्ष 2026 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के दौरान उत्कृष्ट कवरेज के लिए जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक राजिंदर मीरवाल एवं उनकी देखरेख में कार्यरत छात्राओं का सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिताओं के दौरान बी.बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा महक, बी.ए. प्रथम वर्ष की तानिया, बी.एससी. प्रथम वर्ष की हिमानी तथा बी.सी.ए. (ए.आई.) प्रथम वर्ष की प्रिया ने अपनी बेहतरीन फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के माध्यम से पूरे आयोजन को जीवंत बनाया। उनके तकनीकी कौशल और रचनात्मक दृष्टिकोण ने खेलकूद के हर रोमांचक पल को डिजिटल स्मृतियों में सुरक्षित किया। कॉलेज प्रशासन ने उनकी कवरेज को असाधारण और पेशेवर स्तर का बताया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्राओं को प्रशंसा पत्र सौंपते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। इस प्रकार की पाठ्येतर गतिविधियां विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम हैं। डॉ. दत्त ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी इस प्रतिभा को भविष्य में करियर के रूप में भी विकसित कर सकती हैं।

इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सह प्राध्यापक डॉ. ब्रिजेश गुप्ता ने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता में पर्दे के पीछे कार्य करने वाले साइलैंट हीरोज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन और जनसंचार विभाग के सहयोग की सराहना करते हुए छात्राओं के तकनीक और कला के क्षेत्र में योगदान पर हर्ष व्यक्त किया।